# 3288 युवाओं को मिली डिग्री

## यूपीईएस विवि के दीक्षांत समारोह में टॉपरों को गोल्ड मेडल से भी नवाजा गया



यूपीईएस ने 22वें दीक्षांत समारोह में अकादमिक एक्सीलेंस और नए युग के लीडर्स का सम्मान किया।

देहरादून, 26 नवम्बर (नवोदय विद्यालय): यूपीईएस विवि के दीक्षांत समारोह में मंगलवार को कुल 3288 युवाओं को डिग्री प्रदान की गयी। इसके अलावा विभिन्न कोर्सों के टॉपरों को गोल्ड मेडल से भी नवाजा गया।

इस मौके पर यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, रिसर्च और सहयोग के सिद्धांत पर विश्वास करता है। विश्वविद्यालय की ओर से कई गई कई पहलों ने न केवल प्रभावशाली शोध और उद्यमिता को बढ़ावा दिया है, बल्कि उत्तराखंड में स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया है। विवि को मुख्य लक्ष्य शोध और उद्यमिता बढ़ाना है। पांच दिन तक चले इस दीक्षांत समारोह में यूपीईएस के सातों स्कूलों के स्नातकों को डिग्री व मेडलों से सम्मानित किया गया। इस दौरान अपने अपने कोर्स पूरे करने के बाद डिग्रियां व मेडल पाकर उनके चेहरे खिले हुए दिख रहे थे।

समारोह में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंजेज के संस्थापक सचिव प्रोफेसर अच्युत सामंत को शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन में उनके प्रभावशाली कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ब्रिटिश-भारतीय व्यवसायी लॉर्ड करण बिलिमोरिया को क्रॉस-कल्चरल लीडरशिप में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाले कुछ लोगों को डी.लिट की उपाधि भी प्रदान की गई।